कार्यालय प्रथम अपील अधिकारी, जिला कलक्टर,दौसा

श्री गंगाराम सैनी पुत्र स्व. नानगराम सैनी, निवासी धौलाभाटा ढाणी (बसवा वाले) ग्राम हरसौरा (अरणियॉ) तहसील बसवा जिला दौसा (राज0)।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार, बांदीकुई।

अपील संख्याः 87/2022

निर्णय दिनांक :04.08.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार, बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील प्रस्तुत की है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार, बांदीकुई को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार, बांदीकुई, जिला दौसा से सम्बन्धित है। लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार, बांदीकुई को पत्र क्रमांकः डी0एम0/ कोर्ट/2022/1552 दिनांक 04.07.2022 एवं स्मरण पत्र क्रमांकः 1682 दिनांक 20.07.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार, बांदीकुई जिला दौसा की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, उप तहसीलदार, बांदीकुई को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:47:51 IST
Reason: SelfAttested